an>

Title: Need to recognize the refugee doctors who have migrated recently from Pakistan and Bangladesh.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : अध्यक्ष महोदया, पाकिस्तान से भारत में जो हिन्दू शरणार्थियों की दशा के बारे में बताना चाहता हूं। हजारों की संख्या में हिन्दु भारत आते हैं, वहां उन पर उत्पीड़न किया जाता है और यहां उनकी स्थिति बहुत गंभीर है। किसी की पत्नी वहां का नागरिक है और उसका पति यहां रहता है ऐसी स्थिति में ये लोग बहुत मुश्किल से जी रहे हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश से आए हुए लोगों की संख्या 1 लाख से भी ज्यादा है। उसमें कई क्वालिफाईड लोग हैं उनमें से कुछ लोग डॉक्टर भी मेरे संज्ञान में आए हैं। मैं अहमदाबाद से आता हूं, वहां ऐसे लोगों की भारी संख्या है। कई डॉक्टर एमबीबीएस और पोस्ट ग्रजुएट किए हुए हैं किन्तु भारत की मेडिकल कॉउंसिल की मान्यता न होने से उनको कोई नौकरी नहीं मिल पाती है। They are qualified but they are not able to get any job. ऐसे कई लोग के बारे में एक पत्र में खबर छपी थी कि एक ई एंड टी सर्जन अहमदाबाद की वुड शॉप में कार्य कर रहे थे।

अध्यक्ष महोदया, मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि ऐसे नागरिकों को जल्दी से जल्दी सिटीजनशिप देनी चाहिए, ताकि उन्हें भी सुकून मिले।

महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, डॉ. किरिट पी. सोलंकी द्वारा सदन में प्रस्तुत किए गए विषय से माननीय सदस्यगण, सर्वश्री

शरद त्रिपाठी,

सुधीर गुप्ता एवं

श्री रोडमल नागर अपने आपको सम्बद्ध करते हैं।